## अनजान व्यक्ति से न साझा करें ओटीपी : निरीक्षक



जिला अस्पताल में तीमारदारों को साइबर अपराध के बारे में बताती पुलिस • जागरण

**जिला अस्पताल में पुलिस ने तीमारदारों को साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं के बारे में दी जानकारी**

जासं • श्रावस्ती : साइबर क्राइम थाने की पुलिस टीम ने बुधवार को जिला अस्पताल भिनगा में तीमारदारों को साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं के बारे में जानकारी देकर बचने के उपायों बताया। निरीक्षक चंद्रहास मिश्रा ने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी साझा न करें। इससे आप साइबर अपराध का शिकार हो सकते हैं।

निरीक्षक ने कहा कि एटीएम का प्रयोग करते समय अनजान व्यक्तियों से सहयोग न लें। अपने पिन को गोपनीय रखें। इंटरनेट मीडिया के लुभावने विज्ञापनों से सावधान रहें। इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों पर आने वाले आकर्षक आफरों से प्रभावित होकर कोई भी आनलाइन खरीदारी न करें। विक्रेता की पहले जांच-पड़ताल जरूर करें। संदिग्ध वेब लिंक व मैसेज पर बिना पुष्टि के क्लिक न करें। इससे आपका उपकरण हैकिंग का शिकार हो सकता है। साइबर धोखाधड़ी या किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930 पर काल करें और साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। इस मौके पर उपनिरीक्षक सुनील कुमार, आरक्षी सुनील वर्मा, अंकित पटेल, पुष्पेंद्र व मौजूद रहे।

# मोहर्रम पर बिगाड़ा माहौल तो कड़ी कार्रवाई होगी : डीएम



खांवापोखर गांव में कर्बला का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

**श्रावस्ती, संवाददाता।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने मोहर्रम को लेकर ग्राम खावां पोखर में ताजिया रखे जाने वाले स्थल का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने मोहर्रम पर जनपद वासियों से अपील की कि किसी भी तरह की यदि कोई सम्भावित घटना की आशंका हो तो तत्काल अपने क्षेत्र के थानाध्यक्ष व उप जिला मजिस्ट्रेट को सूचित करें। उन्होने अधिकारियों को कर्बला परिसर में विशेष साफ-सफाई, उचित प्रकाश व्यवस्था व पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने के लिए पर्याप्त पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल पूरी तरह तैयार रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और कोई भी समस्या हो उसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दें, ताकि समय रहते समाधान किया जा सके। उक्त अवसर पर सीडीओ शाहिद अहमद, एसडीएम इकौना ओम प्रकाश, सीओ इकौना, बीडीओ इकौना सहित सम्बन्धित थानाध्यक्ष व अन्य मौजूद रहे।